अनुक्रमांक ........................ कोड नं० – S8HN602

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग

# सत्रांत परीक्षा, 2018-19

2490

कक्षा – षष्ठ

क्र. सं. ______________

## हिन्दी

समय – 2½ घंटे ] [ पूर्णांक – 80

निर्देश –

(i) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं – क , ख, ग और घ ।

(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।

### खंड ( क ) पाठ्य-पुस्तक व पूरक पाठ्य-पुस्तक

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1 × 5

दुनिया में अब तक करोड़ों पुस्तकें छप चुकी है । हजारों पुस्तकें रोज छपती हैं । तरह-तरह के अक्षरों में हजारों की तादाद में रोज ही समाचार-पत्र छपते रहते हैं । इन सबके मूल में है अक्षर। हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि यदि आदमी अक्षरों को न जानता, तो आज इस दुनिया का क्या हाल होता ।

(i) उपरोक्त गद्यांश के लेखक और पाठ का नाम बताइए ।

(ii) पुस्तकें और समाचार-पत्र के छपते रहने के मूल में क्या है ?

(iii) उपरोक्त गद्यांश के आधार पर हम किसकी कल्पना भी नहीं कर सकते ?

(iv) करोड़ के लिए प्रयोग होने वाले अन्य शब्द है –

( क ) कोटी ( ख ) करोड़ी

( ग ) किरोड़ी ( घ ) उपरोक्त में से कोई नहीं



Scanned by CamScanner

'मूल' शब्द का अर्थ है -

(क) जड़ (ख) अक्षर

(ग) निवासी (घ) पेड़

2. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए - 5 × 1 = 5

अब राजप्पा के अलबम को कोई पूछने वाला नहीं था। वाकई उसकी शान अब घट गयी थी। राजप्पा के अलबम की, लड़कों में काफी तारीफ हो रही थी। मधुमक्खी की तरह उसने एक-एक करके टिकट जमा किए थे। उसे तो बस एक ही धुन सवार थी। सुबह आठ बजे वो घर से निकल पड़ता। दो ऑस्ट्रेलिया के टिकट के बदले एक फिनलैंड का टिकट लेता। दो पाकिस्तान के बदले एक रूस का।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(क) नादान दोस्त (ख) बचपन

(ग) टिकट अलबम (घ) ऐसे-ऐसे

(ii) अब किसके अलबम के बारे मे पूछने वाला कोई नहीं था ?

(क) नागराजन (ख) रामस्वमी

(ग) राजप्पा (घ) कामाक्षी

(iii) राजप्पा ने टिकट किस प्रकार जमा किए ?

(क) मधुमक्खी (ख) डाकिया

(ग) डाकघर (घ) पुलिस

(iv) टिकट इकट्ठा करने राजप्पा कितने बजे घर से निकल पड़ता ?

(क) सात बजे (ख) आठ बजे

(ग) नौ बजे (घ) दस बजे

Scanned by CamScanner

(v) पाकिस्तान के टिकट के बदले किस देश का टिकट लेता ?

( क ) भारत ( ख ) अमेरिका

( ग ) चीन ( घ ) रूस

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - $5 \times 2 = 10$

( क ) बाँस से बनने वाली दो चीजों के नाम लिखें ।

( ख ) माँ मोहन के ऐसे-ऐसे कहने पर क्यों घबरा रही थी ?

( ग ) आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन-सा कम करवाया ?

( घ ) प्रकृति का जादू किसे कहा गया है ?

( ङ ) भारत के चार स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखें ?

4. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- $2 + 2 + 1 = 5$

मैं सबसे छोटी होऊँ
तेरी गोदी मे सोऊँ
तेरा आँचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ तेरे साथ,
कभी न छोडूँ तेरा साथ !
तू पीछे छलती है मात !
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात !

(i) छोटी बालिका माँ की ही गोद में क्यों सोना चाहती है ?



Scanned by CamScanner

(ii) 'तू मुझे छलती है मात' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(iii) बालिका क्या नहीं छोड़ना चाहता है ?

(क) पिता का हाथ (ख) माँ की गोद

(ग) माँ का हाथ (घ) माँ को

5. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए - 5 × 2 = 10

(i) केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी ? बताएँ।

(ii) लक्ष्मीबाई के बचपन में क्या शौक़ थे ?

(iii) दो लोकगीत के नाम लिखें।

(iv) नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई ?

(v) आशय स्पष्ट करें - चढ़ी नदी का दिल टटोलकर जल का मोती ले जाती है।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5 × 2 = 10

(क) राम के साथ कौन-कौन वनवास के लिए निकल पड़े ?

(ख) गंगा-यमुना संगम पर किसका आश्रम था ?

(ग) पंचवटी के रास्ते में राम की मुलाकात किससे हुई ?

(घ) पिछलग्गू राक्षसों में कौन सीधे रावण के पास पहुँचा ?

(ङ) सीता को आकर्षित करने के लिए मारीच ने कौन-सा रूप धारण किया ?

## खंड-(ख) व्याकरण

7. निर्देशानुसार उत्तर दीजिये — 5 × 2 = 10

(क) उचित उपसर्ग चुनकर लिखिए -

(i) अपरिचित

(क) अ (ख) अप (ग) अपरि (घ) चित

Scanned by CamScanner

(ii) अनावश्यक

( क ) अ ( ख ) अन ( ग ) अना ( घ ) अनाव

( ख ) उचित परिमाणवाचक विशेषण चुनकर लिखिए -

(i) एक ………… दूध।

( क ) मीटर ( ख ) लीटर ( ग ) किलो ( घ ) एकड़

(ii) छह ………… कपड़ा।

( क ) मीटर ( ख ) कटोरी ( ग ) किलो ( घ ) ट्रक

( ग ) संधि-विच्छेद कीजिये -

(i) सूर्यास्त

( क ) सू + अस्त ( ख ) सूर + अस्त

( ग ) सूर्या + स्त ( घ ) सूर्य + अस्त

(ii) अल्पाहार

( क ) अल + पाहार ( ख ) अल्प + आहार

( ग ) अल्प + हार ( घ ) अल्पा+हार

( घ ) दिए गए शब्दों के बहुवचन बताएँ -

(i) पुस्तक

( क ) पुस्तकें ( ख ) पुस्त

( ग ) पुस्तका ( घ ) इनमें से कोई नहीं

(ii) नदी

( क ) नदियाँ ( ख ) नंदिय

( ग ) नदीया ( घ ) इनमें से कोई नहीं



Scanned by CamScanner

(ङ) हिन्दी का प्रचलित रूप लिखिए -

(i) परबत का प्रचलित रूप लिखिए -

(क) प्रभात (ख) परवत (ग) पर्वत (घ) पहाड़

(ii) इंसा का प्रचलित रूप लिखिए -

(क) ईसान (ख) इंसान (ग) आदमी (घ) मनुष्य

## खंड (ग) लेखन

8. दो दिन के अवकाश हेतु प्राचार्य के पास पत्र लिखें। 5

अथवा

मित्र को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें।

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें - 10

(क) हमारा विद्यालय (ख) मेरा प्रिय मित्र

## खंड (घ) अपठित बोध

10. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए- 5 × 1 = 5

सरदार वल्लभाई पटेल का जन्म गुजरात के करमसद गाँव में 31 अक्टूबर 1875 को हुआ था। उनके पिताजी का नाम झवेरभाई था। अपने गाँव में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करके, उच्च शिक्षा के लिए वे बड़ौदा और नाडीयाद गए। वे किसान थे और पक्के ईश्वर भक्त थे। वे बड़े देश-प्रेमी और योद्धा थे। पटेल पर बचपन में ही अपने पिताजी की वीरता और देशभक्ति का प्रभाव पड़ा। वे लौह पुरुष नाम से प्रसिद्ध है।

(i) वल्लभ भाई पटेल जी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(क) पोरबंदर (ख) करमसद (ग) नाडियाद (घ) बड़ौदा

Scanned by CamScanner

(ii) वल्लभ भाई पटेल के पिताजी का नाम क्या था ?

(क) विट्ठभाई (ख) विरेन्द्रभाई (ग) विनितभाई (घ) झवेरभाई

(iii) पटेल पर बचपन में ही पिताजी का क्या प्रभाव पड़ा था ?

(क) वीरता और देशभक्ति (ख) कर्मठता और कार्यकुशलता

(ग) सहनशीलता और साधु स्वभाव (घ) विनम्रता और शालीनता

(iv) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(क) देशभक्त झवेरभाई (ख) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(ग) मेरा भारत (घ) वीरता और देशभक्ति

(v) सरदार पटेल का जन्म कब हुआ था ?

(क) 31 नवम्बर 1875 (ख) 31 अक्टूबर 1875

(ग) 28 फरवरी 1875 (घ) 31 सितम्बर 1875

11. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए – $5 \times 1 = 5$

घर-घर में शिक्षा का दीप जलाना है ।
सबके दिल में भेदभाव हिंसा को मिटाना है ।
घर-घर में शिक्षा का दीप जलाना है ।
अपनी मंजिल एक है, अपना रास्ता एक है ।
सुख-दुख के साथी हैं हम सब, अपना इरादा नेक है ।
कंधों से कंधा मिलाकर, कदम-कदम से मिलना है ।
घर-घर में शिक्षा का दीप जलाना है ।

(i) घर-घर में किसका दीप जलाना है ?

(क) शिक्षा का (ख) ज्ञान का (ग) हिंसा का (घ) प्यार का

*Turn Over*

Scanned by CamScanner

(ii) हमें सबके दिल से क्या मिटाना है ?

( क ) परिश्रम के भाव को
( ख ) भेद-भाव हिंसा को
( ग ) अहिंसा को
( घ ) ऊँच-नीच को

(iii) हम सब का क्या एक है ?

( क ) मंजिल और रास्ता
( ख ) उठना और बैठना
( ग ) सुबह और शाम
( घ ) रात और दिन

(iv) हम सबका क्या इरादा है ?

( क ) बुरा ( ख ) नेक ( ग ) हिंसा ( घ ) नफरत

(v) हमें ............... कदम-कदम से मिलना चाहिए ?

( क ) घर-से-घर
( ख ) कंधों-से-कंधा
( ग ) हाथ-से-हाथ
( घ ) ज्योति-से-ज्योति ।

***